स्ट्रीट लाइट में लगाए गए बैनर पोस्टर हटाए गए

भिलाईनगर। नगरपालिक निगम भिलाई क्षेत्र में सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक रोड के मध्य स्ट्रीट लाइट लगाए गए है। जिससे सुंदरता बनी रहती है। शाम के समय जलते हुए लाइट बहुत खूबसूरत दिखते हैं। बिना अनुमति के वहां पर लगाए गए बैनर पोस्टर को निगम के राजस्व अमला द्वारा हटाया गया। गौरतलब है कि सड़क को आकर्षक दिखने के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं बिना अनुमति के रात के समय लाइट के पोल के ऊपर बैनर पोस्टर लगा दिए जाते हैं। जिससे स्ट्रीट लाइट खराब हो जाती है। आने जाने वालों के लिए परेशानी का सब बन जाता है। दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसको देखते हुए सड़कों पर से लगाए गए बैनर पोस्टर को हटाया जा रहा है। सिंगापुर से आए डॉक्टर बनर्जी ने बताया कि हम दूसरे देश सिंगापुर, मलेशिया, दुबई के साफ सफाई की तारीफ करते हैं। इसके पीछे वहां के नियम कानून का लोगों द्वारा पालन करना होता है। यह नहीं कि कहीं पर भी हम शासकीय व्यवस्था में बाधक बने, जिससे लोगों को परेशानी हो, जिम्मेदारी सबकी है, नगर को स्वच्छ रखने में। बिना अनुमति के कहीं पर भी बैनर पोस्टर लगाना कानूनन अपराध है। इससे लाइट खराब हो जाती हैं।